# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 04.09.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर" अमर उजाला, हिंदुस्तान, जनवार्ता, राष्ट्रीय सहारा, जनसंदेश टाइम्स, कशीवार्ता,तरुण मित्र न्यूज़,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 04.09.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर में बनेगा विद्युत उपकेंद्र

वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर में विद्युत उपकेंद्र बनाया जाएगा। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को वीडीए में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के तहत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में विशेष रूप से रिटेनिंग वॉल के निर्माण कार्य, ट्रांसपोर्ट नगर योजना में प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के उर्जीकृत करने के लिए आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसके तहत 220 केवी उपकेंद्र ठठरा (कछवा) से प्रस्तावित उपकेंद्र तक ओवरहेड लाइन निर्माण कराया जाएगा। ब्यूरो

## अमर उजाला –दि0 04.09.2025

### रेन वाटर हार्वेस्टिंग से लैस होंगे वीडीए के 12 पार्क

वाराणसी। वीडीए के पार्कों में जल संरक्षण को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए पार्क में वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) की व्यवस्था की जा रही है। हाल ही में लालपुर स्थित एक पार्क में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संयंत्र लगाया गया है। वीडीए ने रामकटोरा, कबीर नगर, क्रांतिपल्ली, दुर्गाकुंड, बड़ी गैबी, छोटी गैबी समेत 12 पार्कों के सुंदरीकरण की योजना बनाई है। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने बताया कि पार्कों का विकास पर्यावरण के अनुकूल होगा। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है। ब्यूरो

## हिन्दुस्तान–दि0 04.09.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माण कार्यों पर जताया असंतोष

वाराणसी। वीडीए मुख्यालय में बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर में निर्माणाधीन कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। वीडीए सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बैठक के दौरान निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। दीवार के निर्माण कार्य में धीमी प्रगति पर असंतोष जताया। बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा, जेई विजय सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## जनसंदेश टाइम्स–दि0 04.09.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना के कार्य निर्धारित समय में पूरा करें

**निर्देश**

**वीडीए सचिव ने की समीक्षा जाना हाल, दिया निर्देश**



वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के कार्यों में लेटलतीफी जहां बर्दाश्त नही होगी,वही निर्धारित समय में कार्य पूर्ण नही किए जाने पर सख्त कार्रवाई तय है। यह बात वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र ने बुधवार को अधिकारियो संग हुई बैठक में ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा के दौरान कही। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की स्थिति जाना और सख्त निर्देश दिए। वीडीए सचिव ने विशेष रूप से रिटेनिंग वाल के निर्माण कार्य तथा ट्रांसपोर्ट नगर योजना में प्रस्तावित 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र के उर्जीकृत किए जाने को आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत 220 के.वी. उपकेन्द्र थथरा (कछवा) से प्रस्तावित उक्त उपकेन्द्र तक 33 केवी के केबल लगाए जाने, बंच कंडक्टर,11 मी० एसटीपी एवं 9 मीपीसी पोल के माध्यम से ओवरहेड लाइन निर्माण की प्रगति की जानकारी की। इस दौरान उन्होंने कार्य की धीमी प्रगति पर जहां नाराजगी जाहिर की,वही कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिया।

इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा,अवर अभियन्ता विजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


जनवार्ता –दि0 04.09.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा



बुधवार को वीडीए सचिव ट्रांसपोर्ट योजना कार्यों की समीक्षा करते।

**वाराणसी (जनवार्ता)।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा ने बुधवार को ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत निमार्णाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस बैठक में रिटेनिंग वॉल निर्माण तथा योजना में प्रस्तावित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र के उजीर्कृत किए जाने की व्यवस्था पर विशेष चर्चा हुई। इसके लिए थथरा (कछवा) स्थित 220 केवी उपकेंद्र से प्रस्तावित उपकेंद्र तक 33 केवी केबुल, डॉग कंडक्टर, 11 मीटर एसटीपी और 9 मीटर पीसी पोल के माध्यम से ओवरहेड लाइन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई। जिसमें सचिव ने कार्य की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविंद शर्मा, अवर अभियंता विजय सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे।

## काशीवार्ता –दि0 04.09.2025

# बड़ा लालपुर गढ़ेगा सुख-सुविधाओं का नया अध्याय

### आवासीय योजना में बनेगा बहुउद्देशीय सामुदायिक केंद्र, मिलेंगी सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक व स्वास्थ्य की सुविधाएं

[illegible]



[illegible]

### प्रमुख सुविधाएँ व आकर्षण

[illegible]

## तरूणमित्र –दि0 04.09.2025

# वीडीए सचिव ने की ट्रांसपोर्ट नगर योजना से संबंधित निर्माण कार्यों की समीक्षा



वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्रा अधीनस्थों संग समीक्षा बैठक करते हुए रहे।

**तरुणमित्र न्यूज**

**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी ।जिसमें विशेष रूप से रिटेनिंग वाल के निर्माण कार्य तथा ट्रांसपोर्ट नगर योजना में प्रस्तावित 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र के उर्जीकृत किए जाने हेतु आवश्यक व्यवस्था पर चर्चा की गई। इसके अंतर्गत 220 के0वी0 उपकेन्द्र थथरा (कछवा) से प्रस्तावित उक्त उपकेन्द्र तक 33 के0वी0 केबुल, डॉग कंडक्टर, 11 मी0 एस0टी0पी0 एवं 9 मी0 पी0सी0 पोल के माध्यम से ओवरहेड लाइन निर्माण की प्रगति की समीक्षा की गई ।सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा द्वारा समीक्षा के दौरान कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा कार्यदायी संस्था को निर्धारित समय–सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए ।बैठक में अधीक्षण अभियंता अजय पंवार, अधिशासी अभियंता अरविन्द शर्मा व अवर अभियन्ता विजय सिंह तथा अन्य उपस्थित।

राष्ट्रीय सहारा –दि0 04.09.2025

# शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं पर करें कार्रवाई



**वाराणसी (एसएनबी)।** वीडीए के अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा की अध्यक्षता में बुधवार को समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जोन-1 और जोन-2 के लंबित शमन मानचित्रों की प्रकरणवार समीक्षा की गई तथा शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया गया। डॉ. शर्मा ने बकाया शमन शुल्क जमा न करने वाले निर्माणकर्ताओं के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश जोनल अधिकारी को दिया। इसके साथ ही सील प्रकरणों की जांच, बेसमेंट खाली कराते हुए पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा जन शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया।

**वीडीए सचिव ने अफसरों व कर्मचारियों को कार्यों में लापरवाही न बरतने की दी चेतावनी**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि शहर में अनियोजित विकास व अवैध प्लॉटिंग की पहचान कर नियमानुसार उसको ध्वस्त किया जाये। उन्होंने कार्यों में लापरवाही बरतने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। जोन-1 के वार्ड शिवपुर, सिकरौल एवं विन्यास में 25 से 31 अगस्त तक शमन शुल्क के रूप में 75,36,920 रुपये एवं वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से अब तक कुल 2,93,88,877 शमन धनराशि जमा कराया गया। जोन-2 वार्ड सारनाथ, आदमपुर, जैतपुरा एवं विन्यास में इसी अवधि में शमन शुल्क के मद में 29,47,290 रुपये और इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से अब तक 2,87,45,936 कुल शमन धनराशि जमा हुई है। समीक्षा बैठक में जोन-1 के जोनल अधिकारी शिवाजी मिश्रा, अवर अभियन्ता रोहित कुमार, लिपिक किरन सिंह एवं जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रकाश कुमार, अवर अभियन्ता विनोद कुमार, अवर अभियन्ता वर्तिका दुबे सहित लिपिक विनोद कुमार यादव एवं समस्त फील्ड कार्मिक उपस्थित रहे।